सार-समाचार

दलपत हींगड़ा को जिलाध्यक्ष बनाया

दलपत हींगड़ा

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हींगड़ा को बनाया गया। जैसलमेर भाजपा कार्यालय में विधि मंत्री जोगाराम पटेल की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी बिहारीलाल विश्नोई द्वारा दलपत हींगड़ा को निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने दलपत हींगड़ा को माला पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। गौरतलब है कि जिले में जिलाध्यक्ष के लिए 11 लोगों ने आवेदन किए थे। मंगलवार को निर्विरोध जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले में पहला दलित जिलाध्यक्ष बनाया गया। दलपत हींगड़ा पोकरण विधानसभा के राजमथाई के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि शाले मोहम्मद से महन्त प्रतापपुरी को विजय दिलाने में हींगड़ा के वर्ग का खासा सहयोग रहा है, उसी के इनाम स्वरूप पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी ने प्रदेश नेतृत्व से जिलाध्यक्ष का पद पोकरण विधानसभा के हिंगड़ा को दिलाया है। जिले की दोनों विधानसभा सीट कांग्रेस के पूर्व विधायकों की आपसी लड़ाई ने भाजपा को दिलाई है। भाजपा में हिंगड़ा को जिलाध्यक्ष बनाने के पीछे भाजपा द्वारा कांग्रेस के एससी-एसटी व मुस्लिम गठबंधन में सेंधमारी की संभावना जताई जा सकती है।

दिलीप सिंह चौधरी को श्रद्धांजलि दी

पाली, (नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिकों ने स्मृति शेष समाजसेवी दिलीप चौधरी द्वारा प्रदत्त सेवाओं का स्मरण करते हुए परिजनों के साथ दिव्यांग सेवा संस्थान चिमनपुरा में श्रद्धापूर्वक याद किया। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष लखपत राज सिंघवी , सभाध्यक्ष देवराज शर्मा, परामर्शदाता लक्ष्मीपत राज मेहता, संयोजक डॉ मोतीलाल परमार,दिनेश दवे परिजन कमला चौधरी, अभिषेक चौधरी,कृतिका चौधरी, सुशीला मेवाड़ा व रेखा मेहता ने दिव्यांग संस्थान के अध्यक्ष झालाराम देवासी के नेतृत्व में मानसिक विमंदित व विविध प्रकार की विकलांगता से ठासित दिव्यांगों के लिए सुंदर, स्वच्छ सभी सुविधाओं से युक्त व्यवस्था का अवलोकन कर सेवाभाव की सराहना की।इस अवसर पर महामंत्री नरपतसिंह कुम्पावत, जगदीश दुबे, गणपत सिंह दैय्या, हिम्मत मल फुलवारी, श्रीकृष्ण जोशी,शिवप्रसाद परिहार, सुरेश कुमार जालोरा, मोहनलाल पंवार,श्रवण कुमार तंवर, शांति लाल पोखरना, चैन सिंह खींची, प्रमोद कुमार माथुर,जयन्तीलाल शाह, रामदयाल गांधी, अशोक सिंह, भगवान सहाय ओझा, ओटाराम सोलंकी, मदन गहलोत,कमल किशोर अठावाल, सत्यनारायण गुप्ता, वृद्धिचंद मेवाड़ा, भगवान, हीरालाल सेन, सज्जन सिंह बोराणा आदि ने दिव्यांग प्रभुओं का सेवा भाव के साथ भोजन व्यवस्था में सहयोग कर आत्मतुष्टि का अनुभव किया। इससे पूर्व दिव्यांगों ने भजनों के साथ नृत्य की प्रस्तुति से भावविभोर कर दिया। संस्थान के अध्यक्ष झालाराम देवासी ने कमला चौधरी, परिजनों व बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आभार जताया।

केलावा कलां में प्रतिभाओं का स्वागत

जोधपुर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केलावा कलां में उप खण्ड प्रशासन बावड़ी द्वारा ग्राम पंचायत केलावा कलां से सम्मानित प्रतिभाओं का स्वागत किया गया। उपखण्ड प्रशासन बावड़ी द्वारा उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर ग्राम पंचायत केलावा कला से भामाशाह शंकर लाल व मनफूल विश्नोई को एक बीघा जमीन विद्यालय को भेंट करने, दयालसिंह तंवर को विद्यालय मे भव्य सरस्वती मंदिर बनाने, कार्मिक संग्राम गोदारा को निर्वाचन क्षेत्र (बीएलओ सुपरवाइजर) मे सराहनीय कार्य करने एवं छात्रा सरिता को राज्य स्तरीय दो सौ मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया था । इन प्रतिभाओं का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केलावा कला की प्रधानाचार्य डॉ कंचन चारण, विद्यालय परिवार एवं ग्रामीण जनों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ कंचन चारण ने समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सरपंच चांदी देवी, बगराराम एसएमसी अध्यक्ष, सहीराम, शंभुलाल सोनी, पाबूराम विश्नोई, भगवान सिंह, गणेशाराम बेनीवाल, मोहन राम विश्नोई, नैनाराम गोदारा , एसएमसी, एसडीएमसी सदस्य एवं उपस्थित गणमान्य नागरिको का स्वागत किया । मंच संचालन गोविंद सिंह जुगतावत ने किया।

10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दस हजार का इनाम घोषित था। उसे आज जोधपुर शहर से गिरफ्तार किया गया। जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राज्य भर में चलाए जा रहे मादक पदार्थो के विरूद्व व वान्छित अपराधियों की धड़पकड़ के लिये विशेष अभियान के तहत आज जिला जोधपुर ग्रामीण के जिला विशेष टीम द्वारा पुलिस थाना खेड़ापा में एनडीपीएस एक्ट के तहत के रामरतन पुत्र करणाराम विश्नोई निवासी भवाद थाना करवड़ जोधपुर कमिश्नरेट को दस्तयाब कर गिरफतार किया गया। जिला ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपालसिह लाखावत के सुपरविजन मे प्रभारी जिला विशेष टीम अमानाराम मय टीम द्वारा कार्रवाई कर आरोपी को उसके करवड़ स्थित मकान से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। उस अफीम दूध तस्करी का आरोप था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस की टीम में चिमनाराम, भवानी चौधरी, पप्पूराम, हरसुखराम, मदनलाल मीणा, हरेन्द्रकुमार व गेनाराम शामिल रहे।

शिशु वार्षिक उत्सव आयोजित

रेवदर, (कासं)। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में शिशु वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार माली समाजसेवी कोचरिया, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नरेश चौधरी पशुधन निरीक्षक मकावल व प्रबंध समिति संरक्षक रंगराज जैन, व्यवस्थापक कपूरा राम पुरोहित, कोषाध्यक्ष गणपतलाल, सदस्य विष्णु कुमार द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वितीय तक के 235 नन्हे नन्हे भैया बहिनों द्वारा एक्टिविटीज बेसेस, व्यायाम प्रदर्शन, पहली गीत, एकांकी, रंगमंचीय कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुत दी। 280 से अधिक माताएं बहिन, अभिभावक सहित लोगों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालक प्रभारी भंवर दास वैष्णव द्वारा किया गया साथ ही कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने विद्या मंदिर के क्रियाकलापों पर प्रकाश डालते हुए विद्या मंदिर की विशेषताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी भैया बहिनों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरुष्कार प्रदान किए गए। प्रबंध समिति व्यवस्थापक कपूरा राम पुरोहित ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संपन्न करवाने में विद्या मंदिर के आचार्य-आचार्याओं का सहयोग रहा।

विश्नोई ने प्रशासक का कार्य संभाला

सायला, (कासं)। नवगठित नगरपालिका सायला में मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई ने प्रशासक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि मुख्यमंत्री के बजट प्रस्ताव 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सायला को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई थी। जिसकी अधिसूचना जारी कर नवगङ्गित नगरपालिका सायला में ग्राम पंचायत सायला व राजस्व ग्राम वीराना को शामिल किया था तथा सरपंच, उपसरपंच एवं वार्डपंचों को नगरपालिका में क्रमशः अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य घोषित किया था। जिनका कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रशासन की जिम्मेदारी उपखण्ड अधिकारी को सौंपी थी। जिस पर प्रशासक पद पर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया। ज्ञातव्य है कि सरकार ने प्रशासक को वितीय समेत अन्य अधिकार दिए है जो यहां नए बोर्ड के गठन तक प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए नगरपालिका में कार्यों का संचालन करेंगे।

रोजगार सहायता शिविर आज

जालोर, (कासं)। रोजगार विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक जिला मुख्यालय पर जालोर क्लब, राजेन्द्र नगर जालोर में आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ललित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जायेगा।

जालोर महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन करें : चौधरी

जालोर महोत्सव को लेकर कलैक्ट्रेट सभागार में उपखंण्ड अधिकारी मनोज चौधरी की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले जालौर महोत्सव 2025 की तैयारियां को लेकर मंगलवार शाम 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यकर्ताओं की आम सभा का आयोजन मुख्य समन्वयक एवं उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी की उपस्थिति में किया गया।

जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने बताया कि इस बार जालोर महोत्सव के आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कोर कमेटी का गठन किया गया है। जालौर महोत्सव 2025 का आगाज 15 फरवरी को होगा। महोत्सव का आगाज भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा में स्थानीय सांस्कृतिक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। वही महोत्सव के अंतर्गत करडा गांव में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को बढावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाओं और लोक परंपराओं को खासतौर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

महोत्सव के पहले दिन कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें जिले के ख्यातनाम कवियों को सम्मानित किया जाएगा।

जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने बताया कि कवि सम्मेलन महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होगा और यह जिले की साहित्यिक संस्कृति को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। महोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। जिसमें कब्बड्डी, रस्साकस्सी, संतोलिया जैसी पारंपरिक खेल गतिविधियों को शामिल किया गया है। वही नटराज मंच पर सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा। उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी ने बताया कि इन खेलों को लेकर सभी सुझाव अंतिम रूप से तय कर दिए गए हैं और अब किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। इस वर्ष महोत्सव में ओडिशा से एक विशेष नृत्य दल भी शामिल होगा।

यह टीम अपने सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से दर्शकों को ओडिशा की परंपराओं से परिचित कराएगी और महोत्सव की भव्यता में चार चांद लगाएगी।

उपखंड अधिकारी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों को समय पर संचालित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आयोजकों और प्रतिभागियों को तय समय पर पहुंचने का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

महोत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मोहन पाराशर, नारायण लाल भट्ट, हितेश प्रजापत, कानाराम परमार, समन्वयक रतन सुथार सहित कई प्रमुख सदस्य सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उनकी देखरेख में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जालोर महोत्सव 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह जिले की कला, संस्कृति और परंपराओं से ओतप्रोत व उनसें रूबरू करवाने का उत्सव है।

शोभायात्रा, कवि सम्मेलन, खेलकूद, सांस्कृतिक झांकियां और ओडिशा के नृत्य दल की प्रस्तुति इस बार खास रहेगी। जालौर महोत्सव 2025 हर वर्ग के लिए एक अलग अनुभव लेकर आएगा और जिले की पहचान और गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस दौरान जालोर महोत्सव समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

आर.ए.एस. परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

पाली जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने सोजत में पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के साथ आगामी दिनों होने वाली के लिए आर.ए. एस. परीक्षा सेंटर्स का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल एन मंत्री ने जिले के सोजत में आज सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के साथ आगामी दिनों में आयोजित होने वाली के लिए आर ए एस परीक्षा एग्जाम सेंटर्स का जायजा लिया और विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर मंत्री ने आज विभिन्न स्थानों का अवलोकन किया और सोजत में इसकी तैयारी और सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उपखंड अधिकारी सोजत मासिंगाराम, तहसीलदार डॉ दिलीप सिंह व संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

'पंच गौरव' कार्यक्रम के लिए समिति बनाई

जालोर, (कासं)। जिले में 'पंच गौरव' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि आयोजना विभाग राजस्थान की रूपरेखा अनुसार जिले में 'पंच गौरव'कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति में जिला कलक्टर जालोर अध्यक्ष व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक सदस्य सचिव होंगे तथा उप वन संरक्षक, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, उद्यान विभाग के उप निदेशक उप निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के उप निदेशक, पर्यटन विभाग सिरोही के सहायक निदेशक, कोषाधिकारी जालोर, जिला खेल अधिकारी व जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी जालोर को सदस्य बनाया गया है।

कार्यक्रम संपन्न

जालोर, (कासं)। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रविवार को सायंकाल नगरपरिषद परिसर स्थित वीरम मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति एवं राजस्थानी लोक गीत व पर्यावरण के प्रति जन चेतना पर आधारित नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया।

शालेह मोहम्मद के जन्मदिन पर होगा रक्तदान

पोकरण, (कासं)। पोकरण के पूर्व विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री शालेह मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर फतेह मंजिल में विशाल रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 फरवरी को पोकरण स्थित उनके आवास पर किया जायेगा। जिसके पोस्टर का विमोचन आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फतेह मंजिल पर किया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष भोम सिंह तंवर ने बताया कि 1 दिसंबर को पूर्व कैबिनेट मंत्री शालेह मोहम्मद का 49 वां जन्मदिन है। शालेह मोहम्मद हर साल अपने जन्मदिन के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। जरूरतमंद व्यक्तियों को मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं।

इस बार इस कार्यक्रम को बढाते हुए जोधपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस शिविर में जोधपुर के श्रीराम हॉस्पिटल व एएसजी आई हॉस्पिटल द्वारा विशेषज्ञ डॉक्टर को बुलाया जाएगा जो की जरूरतमंद व्यक्तियों का प्राथमिक जांच के बाद जोधपुर में उपचार करेंगे । जिन व्यक्तियों को चश्में की जरूरत होगी उन्हें मुफ्त चश्मा भी इस शिविर में दिया जायेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान नगरपालिका पालिका प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष भोमसिंह तंवर , विजय व्यास, रिंकू व्यास , पिराने खान, गोपाल जोशी, विराट खान सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कारागृह की व्यवस्थाओं का ए.डी.जे. ने जायजा लिया

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने मंगलवार को कारागृहों का निरीक्षण कर उनकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- **बंदियों को मिलने वाले भोजन सहित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की**

उन्होंने भीनमाल कारागृह में निरीक्षण कर बंदियों को मिलने वाले भोजन सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बंदियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कारागृह में बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाए एवं भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे।

उन्होंने बैरकों की साफ सफाई अच्छे तरीके से करवाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सांचौर कारागृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागृह में बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी। इस दौरान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बंदियों को उनके अधिकारों एवं विधिक सहायता योजना के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने बंदियों को मिलने वाली सभी सुविधाए उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए आने वाले ऐसे बंदी जिनके अधिवक्ता नहीं हो उनके निशुल्क विधिक सहायता योजना का आवेदन भरकर संबंधित तालुका में प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि जिन बंदियों की जमानत या अपील करनी बाकी है उनकी जमानत व अपील के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करे।

रानीवाडा में वात्सल्य चिल्ड्रन होम का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने किया। फोटो राष्ट्रदूत

मंगलवार को सचिव ने रानीवाडा आत्मानंद सेवा संस्थान की ओर से संचालित वात्सल्य चिल्ड्रन होम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसोई घर में बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि बालकों के भोजन की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करे। इस दौरान उन्होंने बालकों के शयन कक्षों का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि बदलते मौसम में बच्चों के खान पान एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई का भी विशेष ध्यान रखा जावें। इस दौरान डिंपल आचार्य, भंवरलाल गोयल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

महंत प्रतापपुरी ने जनसुनवाई की

पोकरण, (कासं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने मंगलवार को नोख उप तहसील मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन के अभाव अभियोग सुनकर निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई में बोडाना, टावरीवाला, खारा, शक्तिनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बडी संख्या में ग्रामीण यहां पहुंचे तथा अपनी जनसमस्या विधायक के सामने रखी। कुछ जन समस्याओं का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से निस्तारण करवाया गया। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की और से आमजन, छात्र, महिला, किसान प्रत्येक वर्ग के हित के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से भी अवगत करवाया तथा आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी लेकर उनका लाभ अर्जित करने का आव्हान किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही हैं। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडा जा सके। हर घर नल योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण के घर पानी पहुंचे उसके लिए कार्य किया जा रहा हैं। मंगलवार दोपहर को नाचना मुख्यालय पर भी विधायक ने जन सुनवाई कर आमजन की जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई शिविर में उपखंड अधिकारी बाप, आईजीएनपी फलोदी के अधीक्षण अभियंता, सीएमएचओ फलोदी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार बाप, उपतहसीलदार नोख, बीडीओ भगवानसिंह, नोख मंडल अध्यक्ष संगसिंह, उतम सिंह बोडाना, अजय, तुलछ सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

कृष्ण विवाह उत्सव में झूमे श्रद्धालु

जोधपुर, (कासं)। झालामंड स्थिति श्रीयादे माता मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को कथा वाचक पंडित नन्दकिशोर महाराज (साथिनवालो) ने भगवान श्री कृष्ण -रुकमणी विवाह के प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा वाचक पंडित नन्दकिशोर महाराज (साथिनवालो) ने गिर्राज धरण, रास लीला की व्याख्या करते हुए कहा कि जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है उन्होंने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनके परिवार की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। धन भगवान के काम में लगाना चाहिए। नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। इसी लिए संत महात्मा कहते हैं कि धन को परमार्थ में लगाना चाहिए। कथा श्रवण करने भक्तों की भीड़ उमड़ी। प्रजापति समाज के गणमान्य लोगों ने मंगलाचरण आरती में भाग लिया।

नाबालिग लड़के से कुकर्म का मामला

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक 16 साल के लड़के को डरा-धमकाकर उसके साथ कई बार कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का मंगलवार को हॉस्पिटल में मेडिकल करवाया गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। मामला पाली शहर के कोतवाली थाना एरिया का है। कोतवाली थाने में लड़के के परिजन ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया- थाना इलाके के एक मोहल्ले में 16 साल के लड़के से पड़ोस में रहने वाला 21 साल का युवक 3 महीने से गलत काम कर रहा था। वह उसे लगातार डरा-धमकाकर कुकर्म कर रहा था। आरोपी बदमाश प्रवृत्ति का है। आरोपी ने वारदात कर इसका वीडियो बी बनाया, जिसे सोशल मीडिया पर शेयर करने की धमकी देकर लगातार गलत कर रहा था। वह धमकी भी देता था कि किसी को बताया तो जान से मार डालेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आज मंगलवार को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में पीड़ित का मेडिकल कराया। रिपोर्ट में पीड़ित के पिता ने 2 लोगों पर आरोप लगाए हैं।

3.50 करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट किए

पाली, (नि.सं.)। पाली में पुलिस ने मंगलवार को 14 थानों के मालखाने में पड़ा 7 हजार किलो अवैध मादक पदार्थ (अफीम, चरस-गांजा, डोडा, भांग) एक फैक्ट्री के बॉयलर में डालकर जला दिया। इसकी मार्केट वैल्यू 3.50 करोड़ रुपए के आसपास है। नशे का यह जखीरा चार पांच साल से थानों में पड़ा था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शहर के औद्योगिक थाना एरिया में एक फैक्ट्री के बॉयलर में इसे जलाने की करवाई की। कार्रवाई में चार घंटे का समय लग गया। इस दौरान सदर, टीपी, औद्योगिक थाना, बाली, रानी, गुड़ा एदंला सहित 14 थानों में पिछले चार-पांच साल में जब्त किए गए नशीले पदार्थों की खेप को बॉयलर में डाल जला दिया गया। इस दौरान एसपी चूनाराम जाट, एएसपी विपिन कुमार शर्मा सहित संबंधित 14 थानों के इंचार्ज मौजूद रहे।

डॉक्टर राजेंद्र पालीवाल का स्वागत किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ एस के दुबे के नेतृत्व में सी एम एच ओ डॉक्टर राजेंद्र पालीवाल का उनके कार्यालय जाकर स्वागत किया गया। महासभा के कोषाध्यक्ष प्रमोद जगाणी ने बताया कि ब्राह्मण महासभा समय-समय पर ब्राह्मण प्रतिभाओं के हौसला अफजाई हेतु सदैव स्वागत सम्मान करते हैं, इसी कड़ी में सोमवार को सी एम एच ओ डॉक्टर राजेंद्र पालीवाल का परंपरागत रूप से माला पहनाकर शाल ओढाकर साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ एस के दुबे, उपाध्यक्ष राम निवास शर्मा , सचिव आर सी व्यास, वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी नारायण श्रीमाली, भंवरलाल जोशी, ओम बिस्सा, ऋषि दत्त पालीवाल बबल चूरा सहित ब्राह्मण जन उपस्थित थे।

पिकअप सड़क से उतरकर पेड़ से टकराई

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक बेकाबू पिकअप सड़क से उतर कर पेड़ से टकरा गई। हादसे में पिकअप सवार ड्राइवर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जानकारी के अनुसार पाली के सांडेराव थाना क्षेत्र के ढोला गांव के पास सोमवार देर शाम को झुंझुनूं हाल पाली जिला निवासी महेंद्र (38) पुत्र मादाराम पिकअप लेकर जा रहा था। इस दौरान हाईवे पर उसकी गाड़ी बेकाबू होकर ढोला के पास सड़क किनारे पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे में ड्राइवर महेंद्र के सिर और मुंह पर चोटें आई। उसे सोमवार रात को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। घटना को लेकर उन्होंने घायल के परिजनों को भी सूचना दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि करीब एक माह पहले ही घायल पाली जिले में ड्राइविंग के काम के लिए आया था।

अभियान के तहत खुलवाया रास्ता

गुड़ामालानी, (कासं)। उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत बारासन में गोदारों की बेरी में करीब एक साल से बंद पीडब्लूडी की सडक का काम रुक हुआ था। पीडब्ल्यूडी की तरफ से इस सडक पर कार्य हेतु तहसीलदार को पैमाईश करवा कर रास्ता खुलवाने हेतु पत्र लिखा गया। उक्त मामले में एसडीएम गुडामलानी ने तहसीलदार को पैमाईश करवाने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद आज राजस्व कार्मिकों की एक टीम ने मौके पर पैमाईश कर रास्ता खुलवाया और रुके हुए सडक के काम को समझाइश कर चालू करवाया। इस अवसर पर मौके पर नायब तहसीलदार गिर्राज शर्मा कानूनगो हरिराम पटवारी सचिन मीना और पीडब्लूडी के अधिकारी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

कविता पाठ व क्रिकेट प्रतियोगिता हुई

जालोर, (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को कविता पाठ व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्जवल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दर्शन शर्मा (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, निकिता वैष्णव (बीएससी तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान और रमेशकुमार (बीएससी फाइनल ईयर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मनीष अखावत, डॉ मनीष सिंह और राजल मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता मेंकला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कला संकाय की टीम विजयी रही।

पशु बीमा योजना शिविर आयोजित

जैसलमेर, (नि.सं.)। अचलसिंह की ढ्राणी, सावता में राजकीय पशु चिकित्सालय सावता के पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ. रमेश राव के नेतृत्व में पशु कल्याण पखवाड़ा एवम् मंगला पशु बीमा योजना के शिविर में सुमेरसिंह जोगराजसिंह, महादान सिंह उम्मेदसिंह जयसिंह राठौड़ सदस्यों सहित डॉ. रमेश राव, जोगराजसिंह का सहयोग रहा। 80 गायों एवम् 20 भैड़ो का स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमार गायों का उपचार किया।